# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस नोट,जनपद फतेहपुर

**दिनांक 18.09.2026**

## थाना थरियांव पुलिस द्वारा जमीन के विवाद में मारपीट एवं फायरिंग की घटना से संबंधित 05 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर SBBL गन, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त 02 वाहन बरामद।

**गिरफ्तारी का विवरण-** दिनांक 16.09.2026 को थाना थरियांव क्षेत्रान्तर्गत हसवां हाईवे पर पीएनसी गोदाम के पास जमीन की कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की नीयत से फायरिंग की घटना हुई थी। उक्त प्रकरण में थाना थरियांव पर मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109 BNS पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी थरियांव के निकट पर्यवेक्षण में थाना थरियांव पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान विवेचना के क्रम में दिनांक 17.09.2026 को थाना थरियांव पुलिस** द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण 1. रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह पुत्र स्व0 मथुरा सिंह उर्फ विजय बहादुर सिंह निवासी लोहारी थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर, हाल पता आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली फतेहपुर, 2. बलराम मिश्रा पुत्र रामभवन मिश्रा निवासी सेवरामऊ थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, 3. पुत्तू उर्फ नरेन्द्र पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी खलीलपुर अब्दुल्लापुर घूरी थाना थरियांव जनपद फतेहपुर, 4. गुड्डू पटेल पुत्र अजय पटेल निवासी सैनीपुर मलौनी थाना मलवां जनपद फतेहपुर एवं 5. शिवकुमार पुत्र स्व0 गोरेलाल निवासी मसवानी थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद SBBL गन नं0 205715, 12 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। उक्त लाइसेंसी गन अभियुक्त रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह के नाम पंजीकृत होना विवेचना में पाया गया। इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन एवं महिन्द्रा XUV-500 वाहन बरामद की गई।

प्रकरण में गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) BNS के अन्तर्गत तथा अभियुक्त रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह के विरुद्ध उक्त धाराओं के अतिरिक्त धारा 27(1)/30 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों को दिनांक 18.09.2026 को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. रिंकू सिंह उर्फ अजय सिंह पुत्र स्व0 मथुरा सिंह उर्फ विजय बहादुर सिंह, निवासी लोहारी, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर, हाल पता आवास विकास कालोनी, थाना कोतवाली, जनपद फतेहपुर।
2. बलराम मिश्रा पुत्र रामभवन मिश्रा, निवासी सेवरामऊ, थाना गाजीपुर, जनपद फतेहपुर।
3. पुत्तू उर्फ नरेन्द्र पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, निवासी खलीलपुर मजरे अब्दुल्लापुर घूरी, थाना थरियांव, जनपद फतेहपुर।
4. गुड्डू पटेल पुत्र अजय पटेल, निवासी सैनीपुर मलौनी, थाना मलवां, जनपद फतेहपुर।
5. शिवकुमार पुत्र स्व0 गोरेलाल, निवासी मसवानी, थाना कोतवाली, जनपद फतेहपुर।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-

**1. अभियुक्त रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 337/2020 धारा 147/148/149/323/325/506 आईपीसी थाना कोतवाली तथा
2. मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) बीएनएस व 27(1)/30 आर्म्स एक्ट थाना थरियांव अंकित है।

**2. अभियुक्त बलराम मिश्रा का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 77/2021 धारा 323/324/325/504/506 आईपीसी थाना गाजीपुर,
2. मु0अ0सं0 144/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 115(2)/125/352 बीएनएस थाना गाजीपुर,
3. मु0अ0सं0 111/2023 धारा 323/504/506/325 आईपीसी थाना हुसैनगंज तथा
4. मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) बीएनएस थाना थरियांव अंकित है।

**3. अभियुक्त पुत्तू उर्फ नरेन्द्र का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) बीएनएस थाना थरियांव अंकित है।

**4. अभियुक्त गुड्डू पटेल का आपराधिक इतिहास**

1.मु0अ0सं0 337/2020 धारा 147/148/149/323/325/506 आईपीसी थाना कोतवाली तथा

2.मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) बीएनएस थाना थरियांव अंकित है।

**1. अभियुक्त शिवकुमार का आपराधिक इतिहास**

1.मु0अ0सं0 253/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/109/3(5)/61(2) बीएनएस थाना थरियांव अंकित है।

## बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद SBBL गन नं0 205715, 12 बोर
2. 03 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
3. 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर
4. घटना में प्रयुक्त वाहन स्कार्पियो एवं महिन्द्रा XUV 500 बरामद।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 देवेन्द्र सिंह, थाना थरियांव, जनपद फतेहपुर।
2. उ0नि0 पृथ्वीराज सिंह
3. का0 टीकम सिंह
4. का0 आशुतोष
5. का0 अभिषेक शर्मा
6. का0 निर्भय सिंह
7. हे0का0 माधवेन्द्र सिंह
8. का0 आशीष यादव
9. का0 प्रवेश कुमार

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**